## खबर संक्षेप

### सांसद ने बैकुंठवासी स्वर्गीय रामा ढोबले को किए श्रद्धासुमन अर्पित

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ कार्यकर्ता सुदामा ढोबले के पिता रामा ढोबले का पिछले दिनों देवलोक गमन हो गया था। मोहखेड़ के ग्राम मऊ की सरपंच श्रीमती ममता सुदामा ढोबले के ससुर बैकुंठ वासी स्वर्गीय रामा ढोबले को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू ग्राम मऊ स्थित उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी और मऊ मोहखेड़ के ग्रामवासी भी उपस्थित थे। वही सांसद श्री साहू पांढुरना के वरिष्ठ भाजपा नेता खेमराज तीतरे की कुशलक्षेम जानने उनके पांढुर्ना स्थित आवास पर भी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेमराज तीतरे से भेंट हमेशा ही प्रेरणादायक रहती है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, जिला भाजपा उपाध्यक्ष उज्ज्वल सिंह चौहान अज्जू ठाकुर, सदन साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजू परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सांसद ने श्री संत गुणवंत बाबा को किया नमन

**छिन्दवाड़ा।** संत श्री गुणवंत बाबा मूर्ति स्थापना महोत्सव के अंतर्गत पांढुर्णा में श्रीमद् भागवत कथा परायण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पांढुर्णा प्रवास पर पहुंचे सांसद श्री साहू ने श्री संत गुणवंत बाबा मंदिर संस्थान जूना पांढुर्णा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा परायण सप्ताह में पहुंचकर प्रवचन दे रहे महाराज श्री का आर्शिवाद लेते हुए उन्होंने श्री संत गुणवंत बाबा को भी नमन किया। उल्लेखनीय है कि संत श्री गुणवंत बाबा मूर्ति स्थापना महोत्सव के अंतर्गत आयोजन समिति द्वारा 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा पारायण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सावनेर के कथावाचक प्रणय महाराज मोहितकर द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया जा रहा है।



### लंबे समय से चल रही थी अनैतिक गतिविधियां, कई बार हुई शिकायत, कार्यवाही शून्य

# चंदनगांव में पुलिस की रेड

# संदिग्ध अवस्था में मिले प्रेमी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

चंदनगांव स्थित कृष्ण मंदिर के पास गुरूवार को उसी स्थान पर संदिग्धों को रेड मारकर रंगे हाथ पकड़ा। जिस स्थान पर पुलिस को नहीं मिली थी पुलिस को कोई बड़ी। कृष्ण मंदिर के पास स्थित आवासीय क्षेत्र में पुलिस ने रेड डालकर पुलिस ने दो संदिग्ध जोड़ों को पकड़ा, साथ ही यात्री निवास के संचालक अनिल प्रसाद द्विवेदी को भी पकड़कर कोतवाली लाया गया। चार अक्टूबर को मोहल्ले के लोगों ने एसपी कार्यालय में इस संदिग ध गतिविधियों में लिखित शिकायत दी थी। परंतु उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण 181 पर भी इसकी शिकायत की गई थी।

इसी बीच विगत आठ दिनों पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा रेड डाली गई थी परंतु पुलिस को न तो कोई गड़बड़ी मिली न ही उनके द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की गई। रेड डालने के बाद न तो शिकायकर्ताओं के बयान लिए गए और न ही किसी तरह का पंचनामा बनाया गया। जबकि अठारह कमरों में अलग अलग बैड के साथ हर कमरा अवैध गतिविधियों की करतूतों की कहानी कह रहा था। वहीं गुरूवार को पुनः जब अनिल द्विवेदी द्वारा यह व्यापार फिर से शुरू किया गया तो शिकायतकर्ताओं ने पुनः पुलिस को शिकायत की ओर पुलिस की जब रेड पड़ी तो दो जोड़े और संचालक अनिल द्विवेदी संदिग्ध परिस्थितयों में पाए और उन्हें पकड़कर कोतवाली लाया गया।










छिंदवाड़ा के चंदनगांव में कृष्ण मंदिर के पास स्थित तीन मंज़िला मकान पर हुई पुलिस की ताज़ा रेड केवल एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ नहीं—बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की विफलता, सामाजिक ताने-बाने का टूटना, और तंत्र की चरमराहट का नग्न सच है। 18 कमरे, 20 बेड, संदिग्ध गतिविधियाँ, महीनों तक आती–जाती जोड़ियां,और पुलिस की सिर्फ "खानापूर्ति"। यह सब किसी एक रात का खेल नहीं यह बताता है कि प्रशासनिक उदासीनता और स्थानीय भ्रष्ट तंत्र ने अपराध को फलने-फूलने दिया। घटना ने खोला वह 'घाव' जिसे वर्षों से ढंका जा रहा था गुरुवार सुबह की रेड में दो युवक-युवतियाँ, आपत्तिजनक सामग्री और "धंधे" की पूरी व्यवस्था मिली। पर असली सवाल यह नहीं है कि मकान में क्या मिला। असली सवाल यह है कि इतने महीनों तक यह सब चलता कैसे रहा ? स्थानीय नागरिकों ने इसे – पुलिस को , जनसुनवाई में , CM हेल्पलाइन में , 5 से ज़्यादा बार शिकायत के रूप में दर्ज कराया। पर हर बार पुलिस आकर "औपचारिकता" निभाकर लौटती रही। क्या पुलिस को पता नहीं था ? , या पता था, लेकिन देखने की इच्छा नहीं थी ? , या देखने के बदले 'कुछ और' मिल जाता था ? यही सवाल अब जनता पूछ रही है। सामाजिक तानाबाना टूट रहा है अपराध 'सामान्य' बन रहा है चंदनगांव जैसे शांत, धार्मिक और पारंपरिक इलाके में "धंधेबाज मकान" का महीनों तक संचालित होना । हमारे सामाजिक ढांचे पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। पड़ोसियों का भय , युवाओं का गलत रास्ते पर भटकना , महिलाओं की सुरक्षा पर चोट , परिवारों के संस्कारों का क्षरण यह केवल एक भवन का मामला नहीं यह हमारे समाज की मूल्य प्रणाली के धीरे-धीरे मरने की प्रक्रिया का संकेत है। अनैतिक देह व्यापार तब सबसे तेज़ पनपता है , जब समाज चुप रहता है और तंत्र सो जाता है। पुलिस व्यवस्था विश्वास टूटे तो कानून भी कमजोर पड़ जाता है इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। मकान पर बार-बार शिकायतें होने के बावजूद न निगरानी, न निग्रह, न रोकथाम, सिर्फ औपचारिकता। यानी, कानून के पहरेदार ही कानून की अनदेखी करते रहे। यह घटना यह साबित करती है कि स्थानिय स्तर पर "प्रशासन का एक हिस्सा अपराध रोकने के बजाय उस पर आंखें मूंदे बैठा था।" और जब SP के सीधे हस्तक्षेप के बाद ही कार्रवाई हो तो यह साफ संदेश देता है कि नीचे का पूरा ढांचा या तो कमजोर हो चुका है या समझौते से भरा हुआ है। इस पूरे खेल का सबसे गंदा पक्ष अनैतिक गतिविधियाँ तब सालों तक पनपती हैं जब पैसे का खेल हो , सिस्टम में मिलभगत हो, शिकायतों को दबाया जाए , और अपराध करने वालों को "संरक्षण" मिलता रहे चंदनगांव की घटना में यही हुआ। यह केवल अपराध नहीं, यह संगठित अपराध, प्रशासनिक नाकामी, भ्रष्ट मानसिकता की संयुक्त उपज है। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि पुलिस आती थी, देखती थी और चली जाती थी। यह वाक्य सिर्फ एक विभाग पर नहीं, पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार है। अब देखना है कि पुलिस इस तरह के मामलों में क्या कार्यवाही करती है क्योंकिशहर के लालबाग, गुलाबरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इस तरह के कई मामले है जो कार्यवाही के अभाव में फलफूल रहे है समय रहते इन पर अंकुश लगाया गया तो यही हमारे जिले के सामाजिक पतन का कारण बन सकते है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री चौरई विधानसभा की एस आई आर कार्यशाला में हुए शामिल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर की उपस्थिति में चौरई विधानसभा में मतदाता सूची विशेष ग्रहण पुनरीक्षण 2025 (एस आई आर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में चल रहे एस आई आर अभियान की जानकारी ली एवं आगामी कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एस आई आर का काम अभी नहीं तो कभी नहीं की मानसिकता को लेकर करें। उन्होंने कहा कि हमें यह ध्यान रखना है मतदाता सूची में एक भी पात्र नाम छूट ना जाए और एक भी अपात्र नाम जुड़ ना जाए।

## प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने महापौर विक्रम अहाके, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, जिला महामंत्री कमलेश उईके एवं एस आई आर अभियान के छिंदवाड़ा विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र मिगलानी की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में छिंदवाड़ा विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ एस आई आर के विषय में विस्तृत चर्चा की।

प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में चल रहे एस आई आर अभियान की जानकारी ली एवं आगामी कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य पारदर्शी, त्रुटि-रहित और समावेशी मतदाता सूची बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें।

### आज युवा उत्सव, स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 28 नवम्बर को युवा उत्सव, स्वास्थ्य शिविर सहित जिले में आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 09:30 बजे दशहरा मैदान छिंदवाड़ा में आयोजित अंतर जिला विश्वविद्यालयीन स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे खमारपानी मंडल के ग्राम धनेगांव के उपस्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित 73वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए मरीजों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 2 बजे शिवपुरी में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं शाम 5 बजे फर्स्ट स्टेप स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होगा।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ



**दमुआ।** सेवा पखवाडा के अन्तर्गत सांसद खेल महोत्सव 2025 युवा षक्ति का उत्सव लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 16 के तहत षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में दिनांक 27 एवं 28 नवम्बर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। जिसमें वॉलवाल, क्रिकेट, कबड्डी, बेडमिंटन गोला फेंक एथलीट गेम्स का आयोजन खेल प्रभारी अनीष कुरैषी जी के द्वारां किया जा रहा है अंतिम दिवस 28 नवम्बर को मुख्य अतिथि के माध्यम से छात्र छात्रओ को पुरूस्कृत किया जावेगा इस प्रतियोगिता में चयन होने पर चयनित छात्र छात्राओ ब्लाक स्तर पर भेजा जावेगा। उक्त अवसर पर प्राचार्य श्री आर.के दुबे जी, मिनाज सिद्धकी , श्रीमती स्नेहलता पवार, साक्षी पंथारी , सपना नागले , पिन्टू नागले, विषाल बारंगे , रविन्द श्री रविषंकर सोनी, श्री राकेष चैरसिया, श्री पंकज डेहरिया आदि सभी षिक्षक षिक्षकाऐं विद्यार्थीगण पत्रकार बन्धु दुर्गासिंह राजपूत, हेमराज गाठे आदि सभी की उपस्थिति में खेलकूद प्रतियोगित सम्पन्न हुई ।

### पांढुर्णा के कलेक्टर कार्यालय में ली जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

## किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने सरकार प्रतिबद्ध : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




रबी सीज़न में जिले के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। इस वर्ष अच्छी बारिश होने से जलाशयों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। किसानों को सिंचाई करने के लिए बिजली की भी कमी नहीं होने दी जाएगी। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने पांढुरना के कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही।

बैठक के दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि किसानों को रबी सीज़न की फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई की व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर बिजली दी जाए। वहीं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, बिजली विभाग और जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे आपसी समन्वय बनाकर किसानों के समुचित हित के लिए कार्य करे। इस दौरान सांसद श्री साहू ने जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही जिन नहरों में रिसाव हो रहा है या किसी कारण से पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है उन्हें तत्काल ही ठीक करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। राजस्व वसूली में किसानों का सहयोग करे।

#### बैठक में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

बैठक में कलेक्टर नीरज वशिष्ठ, उप पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, पांढुरना नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, विधायक नीलेश ऊईके, जिला भाजपा उपाध्यक्ष उज्ज्वल सिंह चौहान अज्जू ठाकुर, सदन साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजू परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे मौजूद रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी.ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- बर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, बिलासपुर संस्करण - 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, भोपाल संस्करण - 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, जबलपुर संस्करण - 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्ठा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## पंचायत में पिछले डेढ़ माह से लटका है ताला, डायरिया बीमारी को लेकर कलेक्टर ने तात्कालिक सचिव को हटाया था

# रजोला ग्राम पंचायत बिना सचिवों के बनी खंडहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

पिछले महीने अमरवाड़ा जनपत अंतर्गत ग्राम पंचायत रजोला कई दिनों तक सुर्खियों में रही थी इसका कारण था ग्राम में दूषित पानी से डायरिया फेल गया था तब शासन प्रशासन को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी और जिला प्रशासन ने लापरवाही को लेकर प्रभारी सचिव को हटा दिया था।

अब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पंचायत विभाग अमरवाड़ा छिंदवाड़ा ने रजोला में स्थाई सहायक सचिव और मुख्य पंचायत सचिव की न्युक्ति नही की जिस कारण जवावदारो की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो गए। वही ग्रामीणों ने बताया की दो ग्रामों वाली ग्राम पंचायत में हजारों ग्रामीण काम को लेकर पंचायत जा रहे है मगर पंचायत में ताला लटका मिल रहा है।पंचायत में रुके महत्वपूर्ण कामगांव के विकास को लेकर सरपंच या अन्य जनप्रतिनिधि बिना सचिव के कार्य नही कर सकते।

ग्राम में अब भी लोगो को पीने के पानी को लेकर पंचायत पर भरोसा नहीं होता तो वही कई निर्माण कार्य विभिन्य जनकल्याणकारी योजनाएं बंद है इसके अलावा ग्रामीणों की पंचायत से दैनिक जरूरते भी बिना सचिवों के पूरी नहीं हो रही है वे सिर्फ जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगाकर रह जाते है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्थाई सचिव और सहायक सचिव की न्युक्ति की मांग की है। संबध में जानने के लिए सरपंच को कॉल किया गया था पर उनका मोबाइल बंद मिला।

### इनका कहना है

स्थाई सचिव तो कई सालो से नही है, पिछले महीने प्रभारी सचिव भी हटाए गए थे, पंचायत के सभी कार्य बंद है ग्राम के विकास को लेकर सचिव को जल्द नियुक्ति किया जाए।
**हमीद खां उपसरपंच रजोला**

अधिकारियों की अनदेखी के चलते ग्राम पंचायत की व्यवस्था अस्थवयस्थ है। ग्राम में विकास कार्य के लिए सचिवों की न्युक्ति जरूरी है।
**योगेश यादव जनपद सदस्य**

तीन चार दिन पहले स्थाई सचिव को नयुक्त किया है वह जल्द चार्ज लेंगे। सहायक सचिव भी अस्थाई रूप से रखा गया है। शासन स्तर पर सचिव न्युक्त होते है।
**जय देव शर्मा जनपत पंचायत सीईओ अमरवाड़ा।**

## "ई लाइब्रेरी में नशा-मुक्ति एवं स्वच्छता संवाद का हुआ आयोजन

छिंदवाड़ा। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा गुरुवार को खजरी चौक स्थित ई लाइब्रेरी में रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री विनोद तिवारी की अध्यक्षता में आज नशा-मुक्ति, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता पर महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किशोरियों व नागरिकों को नशा-मुक्ति की शपथ दिलवाकर की गई। स्वच्छता के तहत गीला-सूखा कचरा अलग करने के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। विनोद तिवारी जी ने अपने भावनात्मक वक्तव्य में कहा कि "स्वच्छता किसी योजना का हिस्सा नहीं बल्कि हमारी रोजमर्रा की संस्कृति है। जिस दिन हर घर में कचरा पृथक्करण की आदत और हर बच्चे में नशामुक्त जीवन की सोच विकसित होगी, उसी दिन हमारा शहर सच में प्रगति करेगा। छिंदवाड़ा को स्वच्छ, सुरक्षित और नशा-मुक्त बनाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।"कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सचिव रोटे निलेश गुप्ता कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल उपाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी संस्थाओं में कार्यक्रम में मॉडल फ्यूचर संस्था से आयशा लोधी, टी वर्ल्ड से मोहम्मद इस्माइल कुरैशी, हमारा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सोमकुँवर, समाजसेवी आराधना शुक्ला, वंदना भटपगार पगार, संदीप सोनी, अंजू साहू, शैलेंद्र उजवने और शेख असलम उपस्थित रहे। आदर्श फाउंडेशन से डॉ. लता नागले एवं महेश बंदेवार सहित हॉस्टल वार्डन कमलेश डेहरिया , संदीप साहू सहित अन्य समाजसेवी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ मन और स्वच्छ शहर की संयुक्त अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना रहा।



## जैन समाज ने मनाई आध्यात्मिक संत तारण स्वामी की 577वीं जन्म जयंती



सिंगोड़ीः श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा 16वी शताब्दी के राष्ट्रीय संत जगद्गुरू श्री तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज की 577 वी जन्मजयंती मनाई गई,प्रातः काल से ही श्री जैन मंदिर में विविध आयोजन हुए जिसमे प्रातः भावपूजा,प्रभातफेरी-स्वल्पाहार तत्पश्चात श्री जिनवाणी पालकी जी शोभायात्रा निकाली गई,जो जैन मोहल्ले में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर जी पहुँची,भ्रमण के दौरान समाजिक बंधुओं ने अपने निवास के सामने पालकी जी की आगवानी करी आरती कर चवँर नृत्य किया,तत्पश्चात मंदिर जी मे ध्वजारोहण,मन्दिरविधि,तिलक,प्रसाद आदि कार्यक्रम संपन्न हुए,पंडित जी द्वारा उपस्थित बंधुओं ओर भगनियो को तारण तरण स्त्रोत का सामूहिक बाँचन कराया,एवं महिला मंडल द्वारा आयोजित पात्रभावना का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर समाज के समस्त वरिष्ठ जन,बंधु,मातृशक्ति, युवक,युवतियां एवं बच्चे सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।

## अवैध कृषि पंप चलाने वालों पर होगी कार्यवाही



सिंगोड़ी। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत मंडल विभाग सिंगोड़ी द्वारा लगातार सिंगोड़ी सहित आसपास के समस्त ग्रामीण अंचलो के कृषको से वर्तमान रवि सीजन 2025 में समस्त किसानो से अपने अपने खेतो में बोवनी उपरांत अवैध रूप से कृषि मोटर पंप न चलाए जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। एवं अवैध रूप से कृषि मोटर पम्प चलाने वालो की जांच भी की जा रही है।वही अस्थाई कृषि पंपों की टी सी कनेक्शन भी किसानों से करवाया जा रहा है एवं बिना विद्युत कनेक्शन के उपयोग किए जा रहे मोटर पंपों के विरुद्ध विद्युत चौरी 135 की धारा में कार्यवाही कर प्रकरण बनाकर फाइन लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी विद्युत विभाग सिंगोड़ी के कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव द्वारा देते हुए समस्त कृषकों से अनुरोध किया गया है कि सभी किसान अपनी अपनी कृषि मोटर पंपों के टी सी कनेक्शन शीघ्र से शीघ्र करवाए और टी सी रसीद विद्युत विभाग के कार्यालय से प्राप्त कर चोरी की कार्यवाही होने से बचे। इसके अलावा इनके द्वारा जानकारी दी गई कि विगत माह में अवैध रूप से चलाए जा रहे कृषि पंपों के कनेक्शनों पर भी बिजली विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए 45 नंबर उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए है। जिनमें रजोला, कतिया ढाना ,महेंद्रवाडा , खकराचौरई ,हिवरखेड़ी ,मानेगांव ,पटनिया, गुरैया, चिमौआ सहित अन्य ग्रामो के अवैध बिजली मोटर पंप चलाने वालो पर कार्यवाही की गई है।

# कचरा लेकर पार्षद के पास पहुंचे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



गत गुरुवार की सुबह जब नगर पंचायत न्यूटन के वार्डों में कचरा उठाने कचरा वाहन नहीं पहुंचे तो , वार्ड 9 के वासी कचरे से भरी बाल्टियां लेकर पार्षद के पास पहुंच गए । यह स्तिथि डीजल के अभाव में पैदा हुई । जिस पर वार्ड 9 के पार्षद ने निकाय प्रशासन पर निशाना साधा है ।नगर पंचायत न्यूटन में बार - बार सी एम ओ के तबादले होने के चलते कई समस्याएं उत्पन्न हुई हैं । खासकर आर्थिक समस्या का सामना परिषद को करना पड़ रहा । जिसके चलते जरूरी मामलों के भुगतान प्रभावित हुए हैं । हाल ही में वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मियों ने एक दिन काम बंद कर नाराजगी जताई थी । वर्तमान में छिंदवाड़ा निगम के उपायुक्त रोशन बाथम को न्यूटन पंचायत की कमान सौंपी गई है , लेकिन उनके द्वारा आर्थिक भुगतान करने की प्रक्रियाएं पूरी होने में वक्त लगा और वित्तीय लेनदेन प्रभावित हुआ । इसी के चलते निकाय के कचरा वाहनों में डीज़ल भी नहीं डल पाया और गुरुवार को कचरा वाहन वार्डों में नहीं पहुंचे । जिससे वार्डवासियों में रोष उत्पन्न हुआ । खासकर वार्ड 9 के वार्ड वासी ब्रजमोहन अग्रवाल , राकेश श्रीवास , शाहरुख खान , मोहित अग्रवाल , रितू शुक्रा , जगन्नाथ यादव , भोला खान, आकिफ खान आदि ने इसकी शिकायत पार्षद जयंत राय से की । कुछ लोग कचरे से भरे पात्र लेकर भी पार्षद के पास पहुंचे । पार्षद जयंत राय ने परिषद पर निशाना साधते हुए कहा , कि परिषद की अध्यक्ष को जन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है । आए दिन नई समस्याएं खड़ी हो रही है । कुछ दिन पहले वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मियों ने काम बंद कर दिया था । अब डीज़ल नहीं मिलने से कचरा वाहन बंद हो गए । वार्डों में कचरा पेटियां नहीं है । विवश होकर वार्डवासी कचरा लेकर मेरे पास आए । इधर अध्यक्षा अपने निजी कामों को निपटाने में व्यस्त हैं । पंचायत के पास बेटरी वाले वाहन भी हैं , जो शोभा की सुपारी बने हुए हैं । उन्होंने कहा , कि यदि समस्या हल नहीं हुई तो वे कचरा लेकर पंचायत पहुंचेगे।

### बेवजह मुद्दा न बनाएं

नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा राय ने बताया , कि वाहनों में डीजल डलवा दिया गया है । नगर में कचरा उठाने के लिए कचरा वाहन नियमित चलते हैं । जरा - जरा सी बात को मुद्दा नहीं बनाना चाहिए ।

## रोटरी क्लब ऑफ द्वारा युवाओं को नशा-मुक्ति की शपथ एवं किया स्वच्छता संवाद का हुआ आयोजन

छिंदवाड़ा। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा गुरुवार को खजरी चौक स्थित ई लाइब्रेरी में रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रोटे विनोद तिवारी की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रोटे विनोद तिवारी ने नशा-मुक्ति की शपथ युवाओं को दिलाई गई। साथ ही गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता पर महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किशोरियों व नागरिकों को नशा-मुक्ति की शपथ दिलवाकर की गई। स्वच्छता के तहत गीला-सूखा कचरा अलग करने के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी ने अपने भावनात्मक वक्तव्य में कहा कि "स्वच्छता किसी योजना का हिस्सा नहीं बल्कि हमारी रोजमर्रा की संस्कृति है।



## पीएम श्री कॉलेज में मना संविधान दिवस

पांढुर्णा। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस साइंस कॉलेज में कल प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। डॉ. ललिता धुर्वे एवं डॉ. दिलेश इंदुरकर द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान पर आधारित नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। अंत मे संविधान निर्माण विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एक शाम संविधान के नाम सुप्रसिद्ध प्रबोधनकर मनोज राजा की कव्वाली का आयोजन

# ग्राम नांदी में सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण व तथागत सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण कल



***कार्यक्रम उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म शिखर मुख्य अतिथिद्वय आकाश लामा (सिलीगुड़ी) पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम कार्यक्रम अध्यक्षता अधिवक्ता संजय खोबरागड़े व अन्य विशिष्ट अतिथि की उपस्थित में होगा संपन्न***

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**।तहसील मुख्यालय कटंगी/तिरोडी से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत नांदी तहसील तिरोडी जिला बालाघाट में 29 नवंबर 2025 को सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं थाईलैंड देश से प्राप्त सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा अनावरण व संविधान दिवस समारोह कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म शिखर जी याचिकाकर्ता महाबोधि महाविहार बोधगया संबंधित सुप्रीम कोर्ट दिल्ली, मुख्य अतिथिद्वय अधिवक्ता राजेन्द्रपाल गौतम पूर्व कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार , आकाश लामा जनरल सेक्रेटरी आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम , कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, प्रमुख अथिति पूज्य भदंत डॉ चंद्रकीर्ति जी राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम, पूज्य भदंतगण धम्मदूत संघ रत्न मानके संस्थापक पज्ञा मेता संघ संघ जापान/भारत, पूज्य भदंत डॉ अनेक महाथेरो अध्यक्ष थाई स्टूडेंट्स फेडरेशन बैंकाक , पूज्य भदंत डॉ ज्ञानदीप महाथेरो कोषाध्यक्ष आल इंडिया भीक्कू संघ, पूज्य भदंत डॉ चिंचाल मेतानंद (नागपुर), पूज्य भदंत शासन रखिता पूज्य भदंत संघातिस्स विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह लोधी प्रखर वक्ता (राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य ओ बी सी महासभा) आचार्य चितरंजन वासनिक (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आल इंडिया समता सैनिक दल) विकाश खांडेकर (जिला अध्यक्ष आल इंडिया समता सैनिक दल बालाघाट) उपासिका रंजीता बिसेन (प्रखर वक्ता बालाघाट) व शैलेन्द्र चौकसे (पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी) लोकेश भारतकर रवि पटले (जिला महासचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) महेश बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) प्रकाश बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) प्रमोद कुमार बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) महेंद्र हिरकने (अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील कटंगी) राजेंद्र मेश्राम (अध्यक्ष सर्कल बौद्ध संघ सेक्टर मिरग़पुर) भीम प्रकाश बोरकर (जनपद सदस्य) विनोद पंचभाई ( जनपद सदस्य) कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी) मनीष सूर्यवंशी (मायल तिरोडी) आलोक पाटील (जनपद सदस्य) दिनेश नागदेवे (जनपद सदस्य) चैनलाल तुरकर (सरपंच नांदी) श्रीमति सर्वेसती विशेष बिसेन (ग्राम पंचायत सुंदर) भूपेंद्र चौकसे (पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कटंगी) महेश अग्रवाल (पूर्व उपसंरपंच नांदी) दिलीप पटले की उपस्थित में संपन्न होगा कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शैलेश शैल (राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर मिशनरी कवि) एवं माधुरी किरण (राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर मिशनरी कवि) करेंगे। साथ ही साथ संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान पर काव्य पाठ करेंगे। रविन्द्र नागदेवे प्रमोद राउत सहयोग प्रदान करेंगे। दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तिरोडी ने जानकारी देते हुए बताया की बौद्ध सर्कल सेक्टर समिति मिरग़पुर के तत्वाधान में बस स्टैंड मिरग़पुर से विशाल वाहन रैली दोप 12 बजे से आकाश लामा पूज्य भदंत धम्म शिखर जी पूज्य भदंत डॉ चंद्रकीर्ति जी के नेतृत्व में प्रस्थान करेगी जो राहुल बौद्ध विहार मोहगांव में पहुंचेगी मोहगांव से शांति मशाल रैली नांदी की ओर प्रस्थान करेगी दोपहर 3 बजे कार्यक्रम उद्घाटक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष पूज्य भदंतगणों व विशिष्ट अतिथि के हस्ते होगा। शाम 4 बजे पूज्य भदंतगणों के द्वारा धम्मदेशना शाम 6 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि के द्वारा मंचीय उद्बबोधन रात्रि 8 बजे से मनोज राजा (सुप्रसिद्ध कव्वाल )के द्वारा बुद्ध अम्बेडकर मिशन पर कव्वाली प्रस्तुत करेंगे। सम्यक बुद्ध विहार निर्माण समिति नांदी के अध्यक्ष भोजराज वासनिक व सचिव राजेंद्र ऊके ने संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि ग्राम नादी बालाघाट ही नहीं अपितु संपूर्ण म प्र का धम्मक्रांति का ऐतिहासिक गांव है। जहां पर परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी के परम सहयोगी पी राजभोज राज्यसभा के सभापति बैरिस्टर राजा भाऊ खोबरागड़े (राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पी आई) नानकचंद्र रतू जी वामनराव गोडबोले जी विश्व विख्यात भदंत आनंद कौशल्यान जी जैसे विद्वान लोग अपने जीवनकाल में आगमन कर चुके है। प्रदीप डी ऊके (तहसील सचिव बौद्ध संघ तिरोडी) ने जिले के तमाम बौद्ध धम्म के उपासक उपासिकाओ को अहम जानकारी देते हुए बताया कि सम्यक बुद्ध विहार निर्माण समिति के अध्यक्ष परम सम्माननीय भोजराज वासनिक जी जिनके नेतृत्व में विहार निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी को रुबरु देखा व 14 अक्टूबर 1956 को ऐतिहासिक धम्म भूमि दीक्षा भूमि नागपुर में धम्म दीक्षा ग्रहण की उनके नेतृत्व में बुद्ध विहार निर्माण कार्य व थाईलैंड देश से प्रतिमा प्राप्त हुई है।दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तिरोडी भोजराज वासनिक राजेंद्र ऊके सर्कल अध्यक्ष रामचंद मेश्राम व ग्रामीण अध्यक्ष टेनेंद्र वासनिक ने समस्त बौद्ध उपासक उपासिकाओ से आव्हान किया की अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होने का आव्हान किया।

### प्रश्न मंच व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजनीति विज्ञान विभाग एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कर्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं संविधान शिल्पकार डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, डॉ0 तृप्ति सोनवे, डॉ0 रक्ष निकोसे, कृष्णा पराते, वी0 के0 सिंह, नरेन्द्र कुमार डोंगरे, डॉ0 त्रिरत्नेष गजभिये की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन डॉ0 सरिता कोल्हेकर द्वारा किया गया। तत्पश्चात भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेण्डर के निर्देशानुसार भारतीय संविधान पर केन्द्रित प्रश्न मंत्र प्रतियोगिता एवं भारतीय संविधान के अन्तर्गत मौलिक अधिकार विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में कृष्णा पराते, नरेन्द्र कुमार डोंगरे, डॉ0 त्रिरत्नेष गजभिये, वी0 के0 सिंह ने भारतीय संविधान के स्वरूप और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता तथा संविधान के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ0 कोल्हेकर ने भारतीय संविधान के लाभदायक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## संविधान दिवस पर आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम





### दिव्यांग जन कल्याण संघ कार्यालय में 76वां संविधान दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज लांजी** । दिव्यांग जन कल्याण संघ कार्यालय में 76वें संविधान दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें दिव्यांगजनों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर, संघ के सचिव ने सभी को एकता, अखंडता और संप्रभुता की शपथ दिलाई और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। दिव्यांग जन कल्याण संघ कार्यालय में 76वां संविधान दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता और महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

दिव्यांग जन कल्याण संघ की संरक्षक महोदया श्रीमती परमिला देवीचरण जी ठाकरे ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र ठाकरे जी ने संविधान उद्देशिका का वाचन किया।

दिव्यांग जन कल्याण संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने संविधान निर्माताओं को याद करते हुए कहा कि हमें संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ साथ अपने भारतीय नागरिक होने के नाते अपने कर्तव्यों को याद रखना चाहिए।

श्रीमती परमिला देवीचरण ठाकरे दिव्यांग जन कल्याण संघ संरक्षक ने 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये युवा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर देश की प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सैनानियों ने आजादी दिलाते समय जो सपने संजोये थे उन्हें पूरा करने का समय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति, हर वर्ग की भागीदारी से मजबूती आयेगी। स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात कर युवा हर क्षेत्र में आगे बढने का प्रयास करें।

इस अवसर पर दिव्यांग जन कल्याण संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, सचिव रूपेश कुमार कुथे, कोषाध्यक्ष कु. सुनीता बिसेन, संयुक्त सचिव सुश्री अनीता उईके, शिकायत अधिकारी कु. पारुल ठाकरे, श्रीमती प्रमिला बाई पारधी, सलिता ठाकरे, राजकुमार बेदरे, जगदीश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस के पहुंचने तक साफ कर दिया खेत, क्या महिला को मिलेगा इंसाफ?

# जमीन पर हक या गुंडागर्दी? महिला के खेत से धान की फसल जबरन काटकर ले गए दबंग ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



तहसील क्षेत्र के साडरा गांव में जमीन विवाद ने गुरूवार को ऐसा तूल पकड़ा कि ग्रामीणों में तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि एक महिला की दर्ज भूमि पर उगी धान की फसल को चार लोगों ने बिना अनुमति हार्वेस्टर मशीन बुलाकर कटवा लिया और पुलिस के पहुंचने से पहले पूरी फसल अपने घर ले गए। पीड़ित महिला ने इस घटना को खुलेआम धोखाधड़ी और दबंगई बताया है। इस संबंध में पीड़ित हेमलता पति अमित लिल्हारे ने बताया कि जिस जमीन पर उन्होंने मेहनत से धान की फसल लगाई थी, उसे अचानक गांव के ही हेमराज पिता हुलासराम बल्लारखेडे, सुरेन्द्र पिता हुलासराम बल्लारखेडे, लोकेश पिता हेमराज बल्लारखेडे, राकेश पिता हेमराज बल्लारखेडे सभी निवासी साडरा सहित अन्य लोगो द्वारा अपना बताकर दावेदारी की गई। हेमलता ने धान की फसल काटने पर विवाद की आशंका को देखते हुए सुबह ही पुलिस को लिखित शिकायत दे दी थी, लेकिन उसके बावजूद अनावेदक मौके पर मशीन लेकर पहुंचे और करीब सवा एकड़ की पूरी फसल कटवा ले गए। महिला का आरोप है कि यदि पुलिस समय पर पहुंचती, तो फसल बच सकती थी। इस विवाद के पीछे जमीन खरीद का लंबा झगड़ा सामने आया है। सूत्रो के अनुसार यह जमीन पूर्व में अनावेदकों द्वारा हेमलता को बेची गई थी। जिस पर हेमलता लिल्हारे द्वारा दो लाख नगद और दो लाख के चेक के रूप में दिया था और पैसे देने बाकी रह गये थे। राजस्व रिकॉर्ड में जमीन हेमलता के नाम दर्ज है। वहीं अनावेदकों का दावा है कि महिला ने पूरा भुगतान नहीं किया, इसलिए खेत और फसल पर उनका अधिकार है। उनके अनुसार रिश्तेदारी और भरोसे में रजिस्ट्री कर दी गई थी, लेकिन पैसे न मिलने के कारण अब उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। अनावेदकों ने यह भी कहा कि यदि महिला बकाया भुगतान कर देती है, तो वे फसल वापस लौटाने को तैयार हैं।

वहीं महिला का कहना है कि जमीन मेरे नाम है, फसल मेरी है, पैसा वसूली के नाम पर फसल लूटना कानून नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ग्रामीणों की निगाह प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कानून महिला की फसल वापस दिलाता है या मामला अदालत के गलियारे तक पहुंचता है।

## विधायक अनुभा मुंजारे ने स्कूल प्रबंधन पर जतायी नाराजगी

# सीएम राइज स्कूल में 7 बच्चों की पिटाई की परिजनों ने विधायक से की शिकायत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट मुख्यालय में संचालित हो रही सांदीपनी स्कूल(सीएम राइज)में कक्षा 6 वी के 7 बच्चों के साथ शिक्षक रामप्रसाद राहंगडाले द्वारा जमकर मारपीट करने, बेंच पर लेटाकर मारने व गर्दन दबाने जैसे संगीन आरोप का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत परिजनों ने बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से की और विधायक ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से इस रवैया को लेकर आपत्ति जतायी है। जानकारी में बच्चों के अभिभावकों ने विधायक अनुभा मुंजारे को बताया कि घटनाक्रम 1 दिन पहले 26 नवम्बर की दोपहर का है। जिसमें स्कूल के शिक्षक रामप्रसाद राहंगडाले द्वारा 7 बच्चों के साथ मारपीट सहित अमानवीय व्यवहार किया गया। बच्चों ने इसकी शिकायत किसी से नहीं की और घर पहुंचकर अपने अभिभावकों से इस संबंध में बताया गया। परिजनों ने मीडिल स्कूल की प्रभारी चित्रा बोपचे से संपर्क किया तो उन्होने मामले को दबाने का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि शिक्षक ने इस तरह से पिटाई करने से ऐसा डर गये और सहम गये कि दूसरे दिन आज बच्चे स्कूल जाने को लेकर परहेज करने लगे। जिसके चलते परिजनों ने बच्चों के साथ विधायक अनुभा मुंजारे के पास पहुंचकर शिकायत की। विधायक अनुभा मुंजारे बच्चों व उनके परिजनों के साथ सांदीपनी स्कूल पहुंची। जहां पर प्राचार्य को इस घटनाक्रम की कोई जानकारी नही थी और ना ही मिडिल स्कूल प्रबंधन ने उन्हें सूचना दी। विधायक अनुभा मुंजारे ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जतायी कि बच्चों के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार का घटनाक्रम हो गया और प्राचार्य को इसकी कोई सूचना क्यों नही दी गई? मीडिल स्कूल के प्रबंधन देख रही प्रभारी चित्रा बोपचे ने इस मामले को क्यों छुपाने का प्रयास किया? जबकि प्राचार्य युवराज राहंगडाले को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि बच्चे अगर शोरगुल कर रहे थे तो उनके साथ ऐसी पिटाई क्यों की गई कि वह अब स्कूल आने से परहेज कर रहे है। स्कूल को शिक्षा मंदिर कहा जाता है और शिक्षा के मंदिर में शोरगुल करने वाले बच्चे को लेकर शिक्षकों को इतनी आपत्ति है कि वह उनकी पिटाई कर रहे है। यह बहुत ही निंदनीय है। इसकी शिकायत उन्होने जिला प्रशासन के साथ ही शिक्षा मंत्री से करने की बात कही है। बताया गया कि बच्चों के साथ वर्ग 2 के शिक्षक श्री रामप्रसाद राहंगडाले के द्वारा बालक पुनीत पिता नरेंद्र लिल्हारे, ओजवीं पिता सुरेश मिश्रा, विहान पिता अनिल नैनवानी, शौर्य पिता लालचंद दमाहे, हिमांश पिता लक्ष्मी प्रसाद सोनवाने, अनवर पिता रोशन पाटिल, जारेश पिता जामिल बेग के साथ मारपीट की गई है।

## विधायक के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# बोनकट्टा में किसानों ने किया आंदोलन!



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** दो राज्यों की सीमा को जोड़ने वाले ग्राम बोनकट्टा के बाजार चौक में गुरुवार को पठार संघर्ष समिति और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के आह्वान पर किसानों की विशाल बैठक बुलाई गई। इस बैठक को किसान आंदोलन का नाम दिया गया। बैठक सह आंदोलन में पठार अंचल के ग्रामीण इलाकों के गन्ना और धान उत्पादक किसानों के साथ तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के कुछेक गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। दरअसल, गत दिवस 30 अक्टूबर को जिला मुख्यालय बालाघाट में जिला जल उपयोगिता समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक में लघु, मध्यम और वृहद सिंचाई परियोजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर रबी के सीजन में लगने वाली धान की फसल को पानी ना दिए जाने का फैसला लिया गया। बैठक में तय किया गया कि रबी के सीजन में लगने वाली प्रमुख फसल गेहूं, चना, उड़द, सूरजमुखी और कुसुम को ही पानी आंवटित किया जाएगा। समिति के इस फैसले का गन्ना और धान उत्पादक किसान विरोध कर रहे थे। किसानों ने बैठक के जरिए जिला जल उपयोगिता समिति के फैसला का विरोध करते हुए फैसले को वापस लेने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने फीडर सेपरेशन के तहत 10 घंटे मिलने वाली बिजली का अलग-अलग विभाजन कर सप्लाई किए जाने का भी विरोध किया। किसानों ने बताया कि कृषि कार्य के लिए लगातार 10 घंटे बिजली दिए जाने की बजाए विभाजन कर बिजली दी जा रही है. जिससे ठीक तरह से फसल की सिंचाई नहीं हो पाती। कृषि कार्य के लिए बिजली की सप्लाई ऐसे की जा रही है जैसे किसी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी होने पर भी आधा गिलास ही पानी पीने दिया जाए। इस बैठक में किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और 28 नवंबर को कटंगी में होने वाले आंदोलन में किसानों से शामिल होने की अपील की। जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, ईश्वरी प्रसाद बिसेन, मिनेश राज तुरकर, महेश बोरकर, सरपंच महकेपार युवचंद सोनवाने, मुलकराज आंनद, चेतन लाल कटरे, धनसिंह पटले, दिनेश कुमार गजभिए, धुरन लाल नगपुरे, सुखदेव हांडगे, लक्ष्मी चंद घोनमोड़े, गुलाब पुष्पतोड़े, धीरेन्द्र सोनवाने, हीरालाल देशमुख, सुरेन्द्र मुंगुसमारे, जयेश हांडगे, दामोदर लोधी जैसे प्रमुख चेहरों ने आंदोलन का नेतृत्व किया।

बोनकट्टा में सांकेतिक तौर पर हुए किसान आंदोलन के दौरान किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी को भी आंदोलन स्थल पर आमंत्रित किया था किंतु विधायक आवश्यक कार्य के चलते इस आंदोलन में शामिल नहीं हो पाए। ऐसे में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष खोवेंद्र तुरकर ने दूरभाष पर ही उनसे संपर्क किया और विधायक ने दूरभाष पर ही किसानों को संबोधित करते हुए यह भरोसा दिया कि किसानों की जो मांग है उसे पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि रबी के सीजन में गन्ना और धान उत्पादक किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। विधायक ने भरोसा दिया है कि जैसे ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता पड़ेगी वैसे ही राजीव सागर बांध से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। इसके अलावा जो बिजली कृषि कार्य के लिए अलग-अलग वक्त में दी जा रही है उसमें शीघ्र ही परिवर्तन करवाकर एक साथ 10 घंटे की बिजली प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को फसलों की सिंचाई में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। विधायक के आश्वासन के बाद पठार संघर्ष समिति और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी ने किसानों से चर्चा कर अभी के लिए आंदोलन को स्थगित कर दिया है। इसके साथ ही नायब तहसीलदार और कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग से विधायक द्वारा कही गई बातों को पूरा करने का भरोसा लिया गया। किसानों ने विधायक और अफसरों की बातों को अपने फोन पर रिकॉर्ड किया है। ताकि समय पर उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वह फिर से आंदोलन कर सके।

पठार संघर्ष समिति संयोजक आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ तो राजीव सागर बांध का पानी लिफ्ट एरिगेशन के तहत नहलेसरा जलाशय तक पहुचांने का दावा किया जाता है। मगर, वहीं दूसरी तरफ अनाप-शनाप फैसले लेकर पठार अंचल के किसानों की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बैहर में मनाया गया संविधान दिवस




हरिभूमि न्यूज बैहर।

बैहर स्थानीय नगर मुख्यालय बैहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ 26 नवंबर को संविधान दिवस स्थानीय गोंडवाना भवन सिविल लाइन मैदान में मनाया गया। सुबह 11:00 बजे नगर के डॉ अंबेडकर चौक में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलितकर कर आतिशबाजी करते हुए संविधान जन जागृति वाहन रैली निकली गई, जो की नगर भ्रमण करते हुए स्थानीय बिरसा मुंडा चौक से होते हुए मलाजखंड रोड के बाद आबकारी टोला हो करके कमल नगर, बस स्टैंड पहुंची तत्पश्चात डॉ अंबेडकर पार्क व रानी दुर्गावती चौक में माल्यार्पण किया गया, उक्त रैली मुख्य कार्यक्रम स्थल गोंडवाना भवन में पहुंची जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतीय संविधान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया, इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को आयोजन समिति द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीआई बैंक मैनेजर पवन चढार व मुख्य वक्ता मोहम्मद अयाज अंसारी राष्ट्रीय संगठन सचिव जेएनवी तथा अन्य वक्ताओं के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए संविधान के प्रति जागृत किया गया, साथ ही संविधान दिवस समारोह में संविधान पर आधारित प्रतियोगिता परीक्षा 23 नवंबर 2025 को संपन्न कराई गई थी, जिसका पारितोषिक पुरस्कार अतिथियों के द्वारा नगद राशि स्मृति चिन्ह दिया गया, प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम वर्ग में प्रथम स्थान- शिवानी पुरान द्वितीय, स्थान- पलक जैन तृतीय, स्थान- ईराम नाज़ खान रही जो की तीनों ही बालिकाएं पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिकाएं रही वही द्वितीय श्रेणी में प्रथम स्थान- संदीप सेन, द्वितीय स्थान- विकास बागड़े बालाघाट, तृतीय स्थान- श्रीलंश कुम्भालवर का रहा सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा स्मृति चिन्ह दिए गए, मंच संचालन युवा समाजसेवी सुखसिंह नेताम के द्वारा किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय युवा संजय लाकड़े,सिद्धार्थ मेश्राम, राजा बोरकर, आकाश उके, संतोष मरावी, कृष्ण वासनिक सचिन वरकड़े, रोहित मरावी अन्य युवाओं का विशेष योगदान रहा

# आज बालाघाट मुख्यालय में जिला पंवार क्षत्रिय संगठन युवा प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट/उकवा।

जिला पंवार क्षत्रिय संगठन,पंवार समाज जिला बालाघाट के युवा अध्यक्ष तपन राजा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बालाघाट नगर स्थित पंवार मंगल भवन में पंवार समाज संगठन जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के निर्देशानुसार,जिला प्रबंध कार्यकारिणी के मार्गदर्शन एवं युवा प्रकोष्ठ के संरक्षकगणों के संरक्षण में जिला युवा प्रकोष्ठ के समस्त जिला पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई है।संपन्न बैठक के संबंध में युवा अध्यक्ष तपन राजा चौधरी ने बताया की यह नवनियुक्त युवा पदाधिकारियों की नियुक्ति के पश्चात प्रथम बैठक है, इसमें समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के द्वारा जिले के पंवार समाज के युवाओं को मार्गदर्शन एवं आगामी भविष्य में समाज हित में कार्ययोजन की जानकारी दी गई साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व पत्रों का वितरण भी किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक का आरंभ इष्ट देवी देवतों के पूजन अर्चन एवं पंवार समाज कुलश्रेष्ठ चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया है। उसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन जी एवं मंचासीन अतिथिगण श्रीमती गायत्री बिसेन पदेन उपाध्यक्ष, श्रीमती गरिमा गौतम पदेन उपाध्यक्ष, शैलेंद्र रहंगड़ाले कोषाध्यक्ष, डॉ राजेंद्र कटरे उपाध्यक्ष, अधिवक्ता अजय बिसेन संयुक्त सचिव, विवेक येडे युवा संरक्षक, दीपक रहांगडाले युवा संरक्षक, गुणेन्द्र पटले जिला संयोजक राजा भोज फ़िउंडेशन, अधिवक्ता रजनीश रहांगडाले सह संयोजक राजा भोज फाउंडेशन, अरविंद कटरे नगराध्यक्ष का स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा समाज के युवाओं को उद्बोधन के माध्यम से मार्गदर्शित किया गया, समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने अपने उद्बोधन में युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति की बधाई दी और आगामी समय में युवा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक कार्यकारिणी, बालाघाट मुख्यालय के सभी वार्डो में वार्ड समिति एवं जिले के समस्त ग्रामों में ग्राम समितियों के गठन की रूपरेखा तैयार करने और जल्द ही नियुक्तियां प्रारंभ करने हेतु निर्देश जारी किए हैं। उन्हींने नियुक्तियों के पश्चात युवा प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय युवा महासम्मेलन करने की घोषणा की है। विशाल बिसेन ने युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष तपन राजा चौधरी के नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए बताया की जिले में समाज को एक ऊर्जावान युवा अध्यक्ष मिला है और भविष्य में निश्चित ही पंवार समाज का युवा समाज हित में कार्य करेगा। विशाल बिसेन ने अपनी मयबोली पोवारी बोली में उद्बोधन देते हुए कहा कि समाज की बोली और संस्कृति को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है और हम सब मिलकर इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। आज की इस आवश्यक बैठक में श्री विशाल बिसेन जिलाध्यक्ष पंवार समाज ,डॉ राजेंद्र एल.कटरे महासचिव ,श्री शैलेंद्र राहंगडाले कोषाध्यक्ष,श्रीमती गरिमा गौतम उपाध्यक्ष,श्रीमती गायत्री बिसेन उपाध्यक्ष एडवोकेट अजय बिसेन संयुक्त सचिव,एडवोकेट रजनीश राहंगडाले सह संयोजक,अरविंद कटरे नगरध्यक्ष,गुणेन्द्र पटले जिला संयोजक राजा भोज फाउंडेशन,श्री तपन राजा चौधरी युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष,श्री विवेक येडे युवा संरक्षक,श्रीमती डॉली विवेक येडे, दीपक रहांगडाले युवा संरक्षक,प्रजल राहंगडाले,कुमारी विभूति पारधी,कुमारी आंचल टेमरे ,डॉक्टर मनीष टेमरे, शुशील राहंगडाले सुनील आड़े ,बलराम चौधरी, आदर्श ठाकरे ,मोहित राणा,पवन बोपचे महासचिव युवा प्रकोष्ठ,अंकित आड़े,राहुल बिसेन ,पंकज चौधरी ,वीरेंद्र राहंगडाले ,प्रहलाद पारधी, मोहित बिसेन, यानीस आड़े,विकास बिसेन, प्रतीक चौधरी ,जिवेन्द्र ठाकरे ,तपेश राहंगडाले ,पंकज पटेल, अजय पटले एवं अनेकों पंवार समाज के युवा उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सरंडी के अंबेडकर भवन में मनाया गया संविधान दिवस



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**।जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सरंडी में भारत देश के पवित्र ग्रंथ का जन्मदिन मनाया गया आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष में स्कूली बच्चों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा आंबेडकर भवन में जाकर डॉ भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्याअर्पण कर संविधान दिवस मनाया गया एवं संविधान की शपथ दिलाई गई । सभी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने-अपने मुखारविंद से संविधान में दिए गए अधिकारों को बताए गए और अधिकार पाने के लिए सविधान पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। 26 नवम्बर संविधान दिवस के इस आयोजन में सम्मिलित ग्राम पंचायत सरंडी के प्रथम नागरिक सरपंच पूजा राजेश गौतम,सचिव दुर्गाशंकर बनकर,सहायक सचिव सुनील उके ग्राम की शासकीय स्कूल प्रधान पाठक कंचन बोकाडे एवं शिक्षक गण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित स्कूल के बच्चे सम्मिलित हुए।

# पीएम श्री शासकीय विद्यालय अमेड़ा (डी)में मनाया गया संविधान दिवस



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट** । पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा (डी) में हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया गया सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य बी.एस घरते द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र का पुजार्चन और माल्यार्पण किया गया। उसके बाद छात्र-छात्राएं दीपिका चौधरी, रागिनी खरे ,हर्षिता मेश्राम,सुशांत पांचें, दिव्या भगत, वंश बिसेन, खुशी ऐसने, नैन्सी पांचें द्वारा संविधान दिवस के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात श्रीमती सरिता चौधरी मैडम, रावते सर ,गोखले सर तथा महेश इंडपांची सर द्वारा मधुर गीत गाकर संविधान की उद्देशिका, मूल कर्तव्य ,मूल अधिकारों की जानकारी दी गई । कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य बी. एस. घरते द्वारा संविधान के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन तपेश उपाध्याय सर द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अशवन गराडे एवं परमानन्द टेंभरे सर द्वारा किया गया ।

# लालबर्रा में रेत ठेकेदार के विरुद्ध बैलगाड़ी चालकों का प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा**। 27 नवंबर, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे, लालबर्रा थाना परिसर रेत से भरी बैलगाड़ियों से भर गया, जब रेत ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कथित अभद्रता के विरोध में बैलगाड़ी चालकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। रेत से भरी अनेक बैलगाड़ियों के साथ चालकों ने लालबर्रा थाना परिसर में प्रदर्शन किया। बैलगाड़ी चालकों का आरोप है कि रेत ठेकेदार के लोगों ने उनके साथ अभद्रता की।

# सुदूर वनग्रामों में तेजी से आगे बढ़ रहा विद्युतीकरण कार्य, विभागीय टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट वृत के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार के निर्देशन में फेस–2 अंतर्गत चल रहे विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में कार्यपालन अभियंता संभाग बालाघाट श्री रवि कुमार कुम्हरे, तथा कनिष्ठ अभियंता किनापुर श्री संदीप सहारे शामिल रहे। अधिकारियों ने वितरण केंद्र अंतर्गत सुदूरवर्ती वनग्राम नंदोरा, बोरबान एवं बोदालझोला में चल रहे कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया।दुर्गम पहाड़ी मार्ग बना चुनौती - निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि इन ग्रामों तक पहुँच मार्ग अत्यंत दुर्गम, असमतल एवं घने जंगलों से होकर गुजरता है। विशेष रूप से ग्राम बोरबान से बोदालझोला के बीच का मार्ग पूर्णतः पहाड़ी, संकरा एवं तीव्र चढ़ाई वाला है, जहाँ वाहनों की आवाजाही लगभग असंभव हो जाती है। इन भौगोलिक कठिनाइयों के कारण विद्युतीकरण कार्यों में स्वाभाविक रूप से अतिरिक्त चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं, इसके बावजूद विभागीय टीम एवं कार्यदायी एजेंसियों द्वारा कठिन परिस्थितियों में भी लगातार कार्य जारी है।एल.टी. लाइन से सुचारु आपूर्ति, 11 केवी लाइन विस्तार प्रगति परअधिकारियों ने बताया कि ग्राम बोदालझोला में एल.टी. लाइन के माध्यम से विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से संचालित है।साथ ही फेस–2 के तहत 11 केवी लाइन विस्तार का कार्य भी तेज गति से जारी है। कार्य की तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कभी-कभी लाइन को अल्प अवधि के लिए बंद करना पड़ रहा है। उपभोक्ता परिसरों का निरीक्षण कर आपूर्ति की स्थिति जाँची गई, जहाँ सिंगल फेज सप्लाई सक्रिय एवं सुचारु पाई गई।आंगनवाड़ी केंद्र में भी संतोषजनक आपूर्ति - टीम ने ग्राम नंदोरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहाँ विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से उपलब्ध और संतोषजनक पाई गई। ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी - निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को समाधान योजना, वी–मित्र योजना और उपभोक्ता हितों से संबंधित अन्य प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिले में समाधान योजना को जन–जन तक पहुँचाने हेतु आयोजित जागरूकता रैली के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया।स्थल पर ठेकेदार कर्मियों एवं लाइनमैन से बातचीत - ग्राम बोरबान से बोदालझोला के मध्य चल रहे कार्यस्थल पर अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों एवं लाइनमैन से कार्य प्रगति, तकनीकी चुनौतियाँ और सुरक्षा मानकों पर चर्चा की। कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम के कार्य की सराहना की गई।विभागीय कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य प्रगतिरत - सभी कार्य विभागीय कार्य योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं। पूर्व चरणों में पूर्ण किए गए कार्यों के बाद अब फेस–2 में ग्राम बोरबान से बोदालझोला के मध्य शेष लाइन विस्तार एवं ढाँचागत कार्य तेजी से प्रगतिरत हैं।विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएंगे, जिससे इन सुदूर वनग्रामों के दर्जनों परिवारों को स्थायी एवं बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# विवेक ज्योति स्कूल में मातृशक्ति कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विवेक ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल बैहर में मातृशक्ति को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन 24 नवंबर किया गया , जिसमें इस स्कूल में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों की माताओं को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती लीला बिसेन एवं शाला की संचालक श्रीमती लता एलकर मैडम द्वारा माता सरस्वती की आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सवेदिता कुमरे, डॉ. शैलजा दुबे, डॉ. नेहा डोंगरे, डॉ. मोनिका एलकर, श्रीमती माधुरी चौधरी, श्रीमती जनिता कुम्भलवार एवं श्रीमती शिमला मड़ावी ने मातृशक्ति के महत्व पर अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।

इन सभी वक्ताओं द्वारा यह संदेश दिया गया कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की प्रेरणा है। वह बच्चे का पहला विद्यालय, पहली गुरु और उसके चरित्र की निर्माता होती है। माँ का प्रेम निःस्वार्थ, त्यागमय और अद्वितीय होता है। श्रीमती लीला बिसेन एवं श्रीमती लता एलकर ने भी बच्चों की माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे तभी ऊँचाइयों को छूते हैं, जब उनके पीछे माँ की अटूट आस्था और स्नेह का आशीर्वाद होता है।आज का यह कार्यक्रम हम सभी को यह याद दिलाता है कि समाज में माँ की भूमिका सबसे ऊँची है और उसकी शक्ति ही भविष्य का निर्माण करती है। हम सभी माताओं को हृदय से नमन करते हैं 1 जीवन भर के लिये सभी बच्चे ये सपथ लेवे की वो हमेशा माँ का सम्मान करेंगे उसे इज़्ज़त देंगे।